





# 11 निर्धन कन्याओं की सामूहिक शादी हुई

## जन सहयोग रसोई ने पेश की मानवीय सेवा की नई मिसाल

- केंद्रीय मंत्री, विधायक और डीआईजी ने दिया आशीर्वाद
- कन्याओं व दूल्हों को दिया गृहस्थी का पूरा सामान

**छतरपुर, 17 नवंबर. कोरोना महामारी के दौरान जब देशभर में लोग एक-दूसरे को छूने से डर रहे थे और गरीब परिवार भोजन के लिए भी संघर्ष कर रहे थे, उसी दौर में छतरपुर के 30 लोगों ने मिलकर जन सहयोग रसोई की शुरुआत की.**

इन समाजसेवियों ने अपनी जेब से पैसा जुटाया और 7 जून 2021 को जरूरतमंदों को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया. समय के साथ यह टीम 125 सदस्यों तक पहुंच गई और आज भी बस स्टैंड पर रोजाना गरीबों को भोजन परोस रही है.

इस रसोई परिवार ने मानवीय सेवा की नई मिसाल पेश करते हुए 11 निर्धन कन्याओं की सामूहिक शादी धूमधाम से करवाई. छतरपुर शहर के शहनाई गार्डन में आयोजित इस भव्य समारोह में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया तथा छठ्ठल विजय खत्री सहित कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे. सभी ने नवविवाहितों को आशीर्वाद देने के साथ गृहस्थी का आवश्यक सामान उपहार में प्रदान किया. समिति के अध्यक्ष केशव चौधरी के अनुसार विवाह वैदिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हुए. सभी दूल्हे बैंड-बाजे और घोड़े पर सवार होकर मंच तक पहुंचे, जहां उन्होंने दुल्हनों को जयमाला पहनाई. समारोह में तीन मंडप सजाए गए थे और दोनों पक्षों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी.




> विदाई के समय कन्याओं को पलंग, गद्दे, बर्तन, किचन सेट, कपड़े, ज्वेलरी और अन्य घरेलू सामग्री भेंट की गई. दूल्हों को भी अलमारी, इलेक्ट्रिक प्रेस, कूलर, सिलाई मशीन और अन्य आवश्यक सामान दिया गया. इससे पहले भी जन सहयोग रसोई वर्ष 2024 में 10 गरीब जोड़ों की शादी करा चुकी है. यह आयोजन एक बार फिर साबित करता है कि सामूहिक प्रयास से समाज में बदलाव संभव है.

## डीजल चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेहटी.** पुलिस ने ग्राम खैरी में वाहनों से हुए डीजल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 200 लीटर चोरी गया डीजल और घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा स्कॉर्पियों वाहन कीमत लगभग 2 लाख रुपए जप्त किया है. जानकारी के अनुसार फरियादी श्रीराम बकोरिया निवासी खैरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके डम्पर क्रमांक एमपी 04 एचई 5547 के साथ-साथ समीप खड़े हार्वेस्टर और वर्धमान कम्पनी की बस से भी रात्रि में भारी मात्रा में डीजल चोरी हुआ है. पुलिस ने मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम सगोनिया के आगे भोपाल रोड़ पर एक स्कॉर्पियो को रोका. वाहन में तीन युवक सवार थे, जिनके पास केनों में चोरी का डीजल पाया गया. पुलिस ने आरोपी खालिद खान, शाकिब खान निवासी पिपलई एवं हेमन्त लोधी निवासी बहेड़ को गिरफ्तार कर लिया.

# गौरीहार पंचायत में सीसी रोड का घटिया निर्माण!



- ग्रामीणों ने लगाए आरोप

**चंदला, 17 नवंबर.** गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गौरीहार में 400 मीटर सीसी रोड का निर्माण कार्य हो रहा है. मुलायम सचिव के घर से मंगलभवन तक रोड बनाई जा रही है. लेकिन निर्माण में मानक के अनुसार मटेरियल का उपयोग नहीं किया जा रहा है, न ही नीचे बेस बनाया जा रहा है. ग्रामीण ने बताया कि गौरीहार पंचायत में सरपंच-सचिव की मनमानी लगातार चल रही है. निर्माण में डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है. मामले में जानकारी लेने के लिए सीईओ दीपा कोटिस्ताने से संपर्क किया गया, लेकिन उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ.

> **इनका कहना है**
>
> सीसी रोड के निर्माण में गड़बड़ी की जानकारी आपसे मिली है. जांच कर कार्रवाई की जाएगी.
>
> **- मधु प्रजापति,** जनपद एईई (एसडीओ), गौरीहार

## एक नजर में



### डिप्टी कलेक्टर बने मेवाड़ा का समाजजनों ने किया स्वागत

**आष्टा.** मप्र लोक सेवा आयोग के की परीक्षा में ग्राम दलपतपुर निवासी हाल मुकाम आष्ट मनोहर सिंह के सुपुत्र नरेंद्र सिंह मेवाड़ा ने 14 वां स्थान प्राप्त कर समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है. नरेंद्र सिंह ने लगातार लोक सेवा आयोग की पांच परीक्षा उत्तीर्ण की. वर्ष 2021 की आयोग की परीक्षा में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर चयनित होकर वर्तमान में शुजालपुर जनपद पंचायत में अपनी सेवा दे रहे थे. लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 14 वां स्थान प्राप्त का डिप्टी कलेक्टर बने. इस अवसर पर उनके बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत, शैलेंद्र राजपूत, जीवन सिंह मंडलोई, मेहरबान सिंह मेवाड़ा, सरपंच अनार सिंह, राकेश सिंह हाडा, जीवन सिंह डूका राम सिंह राजपूत आदि समाजजनों ने स्वागत किया.

### ऑक्सफोर्ड स्कूल की यामिनी ने किया जिले का नाम रोशन




**सीहोर.** दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंड्री की कक्षा 10 वीं की छात्रा यामिनी सिंह ने फिट इंडिया खेलो इंडिया के अंतर्गत 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व जिला का नाम गौरांवित किया है. यह प्रतियोगिता शिवपुरी में आयोजित की गई थी. यामिनी सिंह ने 19 वर्ष बालिका वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना से सभी का ध्यान आकर्षित किया. यामिनी सिंह को विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नश्री सिंह, एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे कुरियन ने सम्मानित किया. संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन, डीईओ संजय सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी अताउल्लाह खान, जिला आवासीय खेलकूद संस्थान प्राचार्य आलोक शर्मा, संकुल प्राचार्य नीना सिंह ने यामिनी सिंह को बधाई दी.

### एसआईआर मतदाता सूची का सत्यापन सर्वे जारी




**इछावर.** एसआईआर मतदाता सूची का सर्वे का कार्य निरंतर जारी है. ग्राम में सभी मतदाताओं के एसआईआर मतदाता प्रपत्र फॉर्म भरे जा रहे हैं. सर्वे के दौरान सबसे बड़ी बात सामने आ रही है कि ग्राम में जो बहू शादी होकर आई है उनके 2003 की मतदाता सूची का रिकॉर्ड चाहिए. इस सर्वे में कई लोगों को 2003 का रिकार्ड नहीं मिलने से काफी परेशानी भी हो रही है. लेकिन जैसे-तैसे तलाशने में लगे हुए हैं. क्योंकि बताया जा रहा है कि जिन लोगों ने मतदाता सूची का सर्वे सत्यापन नहीं करवाया वह मतदाता सूची से बाहर हो जाएंगे और उन सबके नाम कट जाएंगे. इसी प्रकार ग्राम फांगिया में बीएलओ भारत विश्वकर्मा एवं सचिव रोजगार सहायक, पटवारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता सभी सर्वे में लगे हुए हैं.

### संगोष्ठी में समझाया सहकारिता का मूलमंत्र

**सीहोर.** जिला सहकारी संघ द्वारा 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के चौथे दिवस पर प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित निपानियाकलां अध्यक्ष मानसिंह के मुख्य आतिथ्य में महेशचन्द्र वर्मा, सुरेश गौर, शिवप्रसाद पटेल, रामनारायण चौधरी के विशेष आतिथ्य में संगोष्ठी आयोजित की गई. इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेजसिंह ठाकुर द्वारा सहकारी सप्ताह की मुख्य थीम आत्मनिर्भर भारत के माध्यम के रूप में सहकारिता तथा राष्ट्रीय सहकारी नीति पारिस्थितिकी तंत्र भारत की सहकारिताओं के लिए संरचित रोडमैप को समझाते हुए कहा कि सहकारिता का मूल मंत्र है. हम सब मिलजुलकर कार्य करें, वही सहकारिता है.

# नाबालिग पर किया कुल्हाड़ी से हमला

- पेड़ काटने के विवाद में चचेरे भाई ने किया जानलेवा वार
- सिर-गर्दन पर गंभीर चोटें, पुलिस ने मामला दर्ज किया



**छतरपुर, 17 नवंबर. जिले के उर्दमऊ गांव में बीती शाम जमीन की मेड़ पर लगे बेरी के पेड़ को काटने को लेकर दो रिश्तेदारों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला जानलेवा हमले तक पहुंच गया.**

खेत पर काम कर रहे 16 वर्षीय नाबालिग खेमचंद कुशवाहा पर उसके चचेरे भाई विजय कुशवाहा ने कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. नौवीं कक्षा में पढ़ने वाला खेमचंद छुट्टी के दिन खेत में गेहूं की फसल में पानी लगा रहा था. इसी दौरान उसने बेरी का पेड़ काटना शुरू किया, जिसका उपयोग वह झोपड़ी बनाने के लिए करना चाहता था. तभी उसका चचेरा भाई मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए पेड़ की डाली ले जाने लगा. खेमचंद ने उसे रोकने की कोशिश की तो विजय ने कुल्हाड़ी छीनकर उसके सिर, गर्दन, पीठ और पैरों पर कई वार कर दिए. गंभीर रूप से घायल खेमचंद मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा. परिवार के लोग उसे तुरंत गढ़ीमलहरा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. खेमचंद की हालत अभी भी गंभीर बताई जाती है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी. पीड़ित परिवार की शिकायत पर आरोपी विजय कुशवाहा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(ब), 115(2), 118(1) और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

घायल खेमचंद ने बयान में बताया कि उसने सिर्फ पेड़ की डाली ले जाने से रोका था, जिसके बाद उस पर हमला कर दिया गया. वहीं उसकी मां प्रेम बाई ने बताया कि वे आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही हैं.

# पानी निकासी विवाद बढ़ा सेवार में मां-बेटे से मारपीट

- शिकायत करने एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित

**छतरपुर, 17 नवंबर. जिले के बमनोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सेवार में पानी निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया.**

गांव की निवासी चंदाबाई विश्वकर्मा और उनका बेटा नरेंद्र विश्वकर्मा आरोप लगाते हैं कि पड़ोसियों ने घर से निकले पानी के विवाद में लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से उन पर हमला किया. पीड़ितों ने बताया कि पानी बहाव को लेकर कई दिनों से तनाव चल रहा था. सोमवार को विवाद अचानक बढ़ गया, जिसके बाद पड़ोसियों ने उनके साथ मारपीट कर दी. चोट लगने के बाद मां-बेटे ने इसकी शिकायत बमनोरा थाना में की, लेकिन कार्रवाई न होने पर वे 17 नवंबर एसपी ऑफिस पहुंचे और लिखित आवेदन देकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. चंदाबाई और नरेंद्र का कहना है कि आरोपियों ने जानलेवा हमला किया है और उन्हें सुरक्षा की भी जरूरत है. एसपी ऑफिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच बमनोरा थाना को सौंप दी है. पुलिस अब घटना की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई करेगी.





## नपा के अतिक्रमण विरोधी अभियान से मच गया हड़कंप

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 17 नवंबर.** स्थानीय प्रशासन के निर्देशानुसार सोमवार कन्नौद रोड़ एवं अलीपुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओं मुहिम चलाई गई. जिसके तहत रोड़ के किनारे गुमठी, स्थायी ठेलों, गैरेज की दुकानों को सख्ती से हटाया गया.

सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि यातायात को सुगम बनाने एसडीएम नितिन टाले के निर्देश पर अतिक्रमण अमले द्वारा अतिक्रमण मुहिम प्रारंभ की है. जो मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध सामग्री रखकर, गुमठी, ठेला इत्यादि रखकर तथा झोपड़ीनुमा दुकान से अतिक्रमण किया गया है. ऐसे अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुगम बनाया जा रहा है. गौरतलब है कि नगर की सर्कुलर रोड़ हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण की समस्या है. दुकानदार सामान को कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं.

## तंबाकू का सेवन रोकने जागरुकता ही प्रभावी हथियार

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 17 नवंबर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर ने तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक कल्याण से भी जुड़ा विषय है. उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जिले में तंबाकू के उपयोग पर रोकथाम एवं जन-जागरुकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए. उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन रोकने के लिए जनभागीदारी और निरंतर जागरुकता ही सबसे प्रभावी हथियार है. सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति कम हो और नागरिकों को स्वस्थ वातावरण मिल सके.

# हास्पिटल में घुसकर पिता-पुत्र पर किया हमला, केस दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 17 नवंबर. बीती रात जिला अस्पताल में उस वक्त अफरातफरी और दहशत का माहौल निर्मित हो गया जब वहां पहुंचे कुछ युवकों ने अस्पताल के एक कर्मचारी और उसके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी.**

अस्पताल की चौकी में मौजूद एकमात्र नगर सैनिक के सामने युवकों द्वारा मारपीट की जाती रही. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से भाग निकले. बताया जाता है कि घटना से कुछ देर पहले भोपाल नाके पर युवकों ने कर्मचारी और उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी थी. इस घटना से अस्पताल के कर्मचारियों में आक्रोश निर्मित हो गया. उन्होंने सोमवार को सुबह काम बंद रखा और एसपी आफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपा. हालांकि पुलिस ने रात में ही दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया था. अधिकारियों की समझाईश के बाद स्वास्थ्यकर्मी काम पर लौटे.

जानकारी के अनुसार बीती रात अंबेडकर नगर निवासी टेंट हाउस संचालक 27 वर्षीय प्रवेश परिहार आ. हरीसिंह परिहार भोपाल नाका से अपने घर जा रहा था. तभी सड़क पर अचानक दीपक परमार नामक युवक उसकी बाइक के सामने आ गया. इस दौरान दोनों में कहासुनी हुई. दीपक ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रवेश परिहार के साथ मारपीट कर दी. प्रवेश वहां से घर पहुंचा और अपने पिता हरीसिंह को घटना के बारे में बताया. इसके बाद दोनों वापस भोपाल नाके पहुंचे और दीपक परमार से बात कर रहे थे तभी दीपक ने अपने दो साथियों नवीन राठौर और भानू राठौर के साथ मिलकर पिता- पुत्र की भी पिटाई करते हुए उन्हें गंभीर घायल कर दिया.

# नाव पलटने की स्थिति का किया रिहर्सल

- एनडीआरएफ-एसडीआरएफ का रेस्क्यू अभ्यास
- त्वरित बचाव, सीपीआर और प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन

**छतरपुर, 16 नवंबर. नगर के प्रताप सागर तालाब में सोमवार सुबह एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से बड़ा रेस्क्यू रिहर्सल किया.**

अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नाव पलटने, असंतुलित होने और अचानक डूबने जैसी आपात स्थितियों में त्वरित बचाव कार्रवाई को परखना था. सुबह 10 बजे शुरू हुए इस मेगा ड्रिल में टीमों ने उन स्थितियों का सिमुलेशन किया, जिनमें अक्सर लोग सेल्फी लेते समय संतुलन खो देते हैं और नाव पलट जाती है. इस दौरान डूबते व्यक्ति तक तुरंत पहुंचना, लाइफ जैकेट व रस्सी के माध्यम से सुरक्षित निकालना और पानी से बाहर आते ही सीपीआर देकर प्राथमिक उपचार करना शामिल रहा. अभ्यास में विशेषज्ञ बचावकर्मियों ने तालाब में लाइव डेमो प्रस्तुत किए, ताकि वास्तविक आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया समय तेज हो सके. दोनों बलों ने बेहतर समन्वय, तेजी से निर्णय लेने की क्षमता और आधुनिक रेस्क्यू तकनीकों का प्रदर्शन किया. एनडीआरएफ-एसडीआरएफ अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभ्यास समय-समय पर किए जाने से टीमों की दक्षता बढ़ती है और आपदा की स्थिति में त्वरित व प्रभावी रेस्क्यू संभव हो पाता है.



**जन्मोत्सव** | विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर दिन भर लगा रहा समर्थकों का तांता

# जनता की संतुष्टि ही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार : राय

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 17 नवंबर.** क्षेत्र से जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं देने सोमवार को टाकिज मैदान पर पहुंचे हजारों समर्थकों, भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों का अभिवादन करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि जनता ने मुझे तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है. जनता के आर्शीवाद से हम लगातार अपने क्षेत्र को प्रगति की ओर ले जा रहे हैं. जनता का मैं सेवक हूं जनता ही मेरी भगवान है और जनता की संतुष्टि ही मेरे जन्मदिन का बड़ा उपहार है.

सोमवार को विधायक सुदेश राय ने श्रीमती अरूणा राय और दोनों बच्चों के साथ सर्वप्रथम हनुमान फाटक मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमानजी महाराज की पूजा अर्चना कर नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए प्रार्थना की. निर्धनजनों को कंबल वितरण भी किया गया. सुबह केंन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सांसद आलोक शर्मा, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर सहित अनेक मंत्रियों केबिनेट के विधायकों ने विधायक सुदेश राय को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों नागरिकों ने टाकिज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक के जन्मदिन को मनाया. अनेक समर्थकों ने सोशल मीडिया प्लेट फार्म मोबाईल के माध्यम से भी विधायक सुदेश राय को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी. विधानसभा क्षेत्र के चांदबढ़ श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर, बरखेड़ा हसन, चरनाल सहित ग्रामीण अंचलों से ढोलबाजों के साथ सैकड़ों सरपंच ग्रामीणजन भाजपा कार्यकर्ता सोमवार देर शाम तक लीसा टाकिज मैदान पहुंचते रहे अनेक नागरिकों ने घर पहुंचकर भी विधायक सुदेश राय को बधाई शुभकामनाएं दीं. रात को लिसा प्रांगण में अभा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जो देर रात तक जारी रहा.



## मारपीट के आरोपी तीन दिन बाद भी फरार

**नवभारत न्यूज**

**शाहगंज 17 नवंबर.** शराब कारोबार से जुड़े दबंगों द्वारा दो युवकों की बेरहमी से पिटाई के मामले में एफआईआर दर्ज होने के तीन दिन बाद भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग सके हैं. पुलिस लगातार दबिश दे रही है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है.

गौरतलब है कि 10 नवंबर की रात नर्मदापुरम रोड़ पर आयुष जोशी अपने खेत से घर लौट रहे थे, तभी मंशाराम, दीपक और राजेश गुर्जर ने उन्हें रोक लिया और शराब तस्करी के झूठे संदेह में उनकी तलाशी ली. इस दौरान तीनों ने आयुष को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया. इसी दौरान वहां से गुजर रहे चेतन नामदेव ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो दबंगों ने उन्हें भी बुरी तरह पीटा.

मारपीट इतनी क्रूर और भयावह थी कि मौके पर मौजूद लोग भी आतंकित हो गए और आगे आने की हिम्मत नहीं जुटा सके. आरोपियों ने युवकों को धमकी दी कि यदि थाने पहुंचे तो जान से मार देंगे. डर के कारण पीड़ित दो दिन तक थाने नहीं जा सके. जब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो पुलिस हरकत में आई. 15 नवंबर को आयुष ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर मारपीट के तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है. सोमवार को पुलिस ने ग्राम डोबी और बकतरा में सर्चिंग अभियान चलाया, पर आरोपी नहीं मिले. थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं. आज डोबी और बकतरा क्षेत्र में दबिश दी गई है. आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.